# श्याम ध्वजा | by Babita Soni

हाथों में ले श्याम ध्वजा और मन में लेके आस
हम चल दिए खाटू श्याम धाम अब पूरी होगी आस
मन्ने दुनिया से अब क्या लेना रख रहमो करम बस तू
मन्ने बचपन से यो सुणिया सै हारे का सहारा तू

तेरी मेरी प्रीत पुरानी शक की ना गुंजाइश है
रखना हमेशा चरणों में बस इतनी सी फरमाइश है
जब जब हूँ मैं बाबा हारा तब बना सहारा तू
मन्ने बचपन से यो सुणिया सै हारे का सहारा तू

मत घबराना विपदा से ऐ श्याम दीवानो घडी घडी
तुझपे आने से पहले विपदा को हर ले मोरछड़ी
रख बाबा पे विश्वास अटल बदलेगी किस्मत यूँ
मन्ने बचपन से यो सुणिया सै हारे का सहारा तू

मोरछड़ी और काली कमली होंठो पे मुस्कान है
बिन मांगे भर देता झोली ऐसा मेरा श्याम है
सोनी को सोना कर दे तू मेरा तो खज़ाना तू
मन्ने बचपन से यो सुणिया सै हारे का सहारा तू

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b6%e0%a5%8d%e0%a4%af%e0%a4%be%e0%a4%ae-%e0%a4%a7%e0%a5%8d%e0%a4%b5%e0%a4%9c%e0%a4%be-by-babita-soni/